Synergy

BSES
BSES Yamuna Power Limited

दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

मई–जून 2010

मुख्यमंत्री ने कॉमनवेल्थ गेम्स को समर्पित किया, बीवाईपीएल का 66/11 केवी ग्रिड

3 मई को दिल्ली की माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने बीवाईपीएल का 66/11 केवी ग्रिड कॉमनवेल्थ गेम्स को समर्पित किया। बीवाईपीएल का यह 49वां ग्रिड 13 महीनों के रेकॉर्ड समय में तैयार कर लिया गया। इस पर 40 करोड़ रूपये की लागत आई।

तकि कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके, इसके लिए स्काडा से संचालित होने वाले इस ग्रिड में 25 एमवीए के दो ट्रांसफॉर्मर लगाए गए हैं। गेम्स खत्म होने के बाद इस ग्रिड से आसपास के इलाकों, जैसे– मयूर विहार, शकरपुर, लक्ष्मी नगर आदि में भी बेहतर बिजली आपूर्ति में मदद मिलेगी।

कॉमनवेल्थ गेम्स के ग्रीन स्पिरिट को ध्यान में रखते हुए इस ग्रिड में हरियाली को खास अहमियत दी गई है। उल्लेखनीय है कि इस ग्रिड के 30 प्रतिशत हिस्से में हरियाली है। इसके अलावा, यहां के 32 मीटर X 13.6 मीटर की बिल्डिंग में फ्लायऐश से बनीं ईंटों का उपयोग किया गया है, और टेरी की मदद से 14,000 लीटर क्षमता वाला रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी लगाया गया है।

अर्थ आवर के दौरान 173 मेगावॉट बिजली बचाने का शुक्रिया

बीएसईएस उपभोक्ताओं और दिल्ली के नागरिकों ने एक बार फिर 77 देशों के 6000 शहरों के करोड़ों लोगों, बिजनेस व सिविल ग्रुप्स और सरकारों के साथ 27 मार्च, 2010 को अर्थ आवर के दौरान एकजुटता दिखाते हुए अपने घरों/ दफ्तरों की बत्तियां ऑफ रखीं।

इस दौरान, पूर्वी, मध्य, दक्षिणी और पश्चिमी दिल्ली में फैले बीएसईएस उपभोक्ताओं ने 173 मेगावॉट बिजली बचाई। बीवाईपीएल उपभोक्ताओं ने 77 मेगावॉट, और बीआरपीएल उपभोक्ताओं ने 96 मेगावॉट बिजली बचाने में मदद की।

बीवाईपीएल सीधे आपके घर तक पहुंचेगी

हमें ऐसे मामलों का पता लगा है, जिनमें कुछ गैर–जागरूक उपभोक्ता दलालों और बिचौलियों के झूठे आश्वासनों में फंस गए। दलालों ने उन्हें आश्वासन दिया था कि वे उपभोक्ताओं का काम जल्दी करवा देंगे। हम अपने उपभोक्ताओं से अपील करते हैं कि वे किसी के झांसे या बहकावे में न आएं, क्योंकि बीवाईपीएल खुद आपके दरवाजे पर आएगी।

यदि आपको नया कनेक्शन लेना हो, लोड बढ़ाना या घटाना हो, नाम में बदलाव करवाना हो, पते में परिवर्तन करवाना हो या अपने दरों की श्रेणी में बदवाल करवाना हो, तो आपको बीवाईपीएल ऑफिस आने की जरूरत नहीं है। आप 39999 808 पर कॉल करें या फिर हमारी वेबसाइट www.bsesdelhi.com पर जाएं और डोर स्टेप सर्विस यानी डीएसएस के लिए रजिस्टर करें।

उसके बाद, दोनों ओर से तय समय पर बीवाईपीएल का एक प्रतिनिधि आपके घर आएगा और जरूरी औपचारिकताओं को पूरा करने में आपकी मदद करेगा।

39999 808 पर कॉल करें, सीआरएन नंबर डालकर बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

यदि किसी कारणवश आपके घर की बिजली गुल हो जाए, तो अब आपको इसकी शिकायत दर्ज कराने के लिए बीवाईपीएल कॉल सेंटर प्रतिनिधियों से बात करने की जरूरत नहीं है। आप बस कॉल सेंटर नंबर 39999 808 डायल करें और अपना 10 अंकों वाला सीआरएन नंबर एंटर करें। बिजली गुल होने की शिकायत स्वतः दर्ज हो जाएगी।

ऐसे दर्ज कराएं बिजली गुल की शिकायतः

- 39999808 डायल करें
- अपनी भाषा चुनें– हिंदी या अंग्रेजी
- बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराने के लिए 1 दबाएं
- अपने 10 अंकों वाला सीआरएन नंबर डालने के लिए 1 दबाएं

आपकी शिकायत स्वतः व तुरंत दर्ज हो जाएगी, साथ ही आपको उसी वक्त एक शिकायत नंबर भी मिल जाएगा। जैसे ही आपकी शिकायत दर्ज होगी, उसे बिना देरी किए, तत्काल संबंधित शिकायत केंद्र पर भेज दिया जाएगा ताकि आपकी समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जा सके।

इसके अलावा, आप ऐसे भी दर्ज करा सकते हैं शिकायतः बीएसईएस टाइप करें, स्पेस दें, एनसी लिखें, स्पेस दें, सीआरएन नंबर टाइप करें और उसे 5–545–464 पर एमएमएस कर दें।

बिजली चालित वाहनों के लिए अब तक 10 फ्री चार्जिंग पोर्ट

रेवा कार के उपयोगकर्ताओं के लिए बीवाईपीएल अब तक 10 फ्री चार्जिंग पोर्ट लगा चुकी है। आप अपने वाहन यहां चार्ज कर सकते हैं:

1 66 केवी ग्रिड स्टोर, आईपी एक्सटेंशन, हसनपुर बस डिपो के निकट, दिल्ली
2 मयूर विहार फेज 3, डिविजन ऑफिस, वसुंधरा एन्क्लेव, सोमरविल स्कूल के निकट, दिल्ली
3 66 केवी चिल्ला ग्रिड, मयूर विहार फेज 1, रिवरसाइड क्लब के निकट, दिल्ली
4 33 केवी कड़कड़डूमा ग्रिड, लाल भवन, कड़कड़डूमा कोर्ट के सामने, दिल्ली
5 33 केवी प्रीत विहार ग्रिड, हरगोविंद एन्क्लेव, रेलवे आरक्षण केंद्र के निकट
6 66 केवी ताहिरपुर ग्रिड, ताहिरपुर, राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के पास
7 66 केवी दिलशाद गार्डन ग्रिड, डीयर पार्क के सामने, दिलशाद गार्डन
8 सब स्टेशन नंबर 7, आईपी एक्सटेंशन, एवीपी पब्लिक स्कूल के पास
9 आईपी एस्टेट ग्रिड, पीडब्ल्यूडी वाई–शेप बिल्डिंग के पास, आईटीओ विकास मीनार बिल्डिंग
10 शंकर रोड ओएंडएम ऑफिस, सनातन धर्म मंदिर के निकट

हम सुन रहे हैं ... डायल करें बीवाईपीएल – 39999808